राम नवमी पर भगवान श्रीराम के जयकारे गूंजे, शोभायात्रा का लोगों ने स्वागत किया

जालोर शहर में रामनवमी पर्व पर शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

भगवान श्रीराम जन्मोत्सव पर भारत माता चौक तिलक द्वार जालोर से शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। विश्व हिन्दू परिषद से प्रेरित सनातन महोत्सव समिति जालोर की ओर से भगवान श्रीराम जन्मोत्सव पर विशेष झांकियों के साथ भारत माता चौक, तिलक द्वार जालोर से रविवार को प्रातः 9 बजे साधु संतो द्वारा भगवान श्रीराम के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। दिनभर भक्तों ने भगवान श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना कर अपनी आस्था प्रकट की।

विश्व हिन्दू परिषद के दिनेश जीनगर व सनातन महोत्सव समिति जालोर के संयोजक अम्बालाल व्यास ने बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव पर ब्रहमलीन शान्तिनाथ महाराज की असीम कृपा से एवं गंगानाथ महाराज के शुभ आशीर्वाद के साथ मलकेश्वर मठ के महंत श्रवणभारती, हल्देश्वर मठ के महंत मोहननाथ, धूणीया मठ के महंत सोमपुरी, जालंधरनाथ अखाडे के गोपालनाथ सहित साधू संतो द्वारा भगवान श्रीराम के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर शोभायात्रा की शुरुआत की गई। शोभायात्रा में वानरों के साथ हनुमानजी, रथों व ट्रैक्टर में सवार श्याम दरबार, अयोध्या में नव निर्मित श्रीराम की मूर्ति के समान बने श्रीराम, राम सीता दरबार आदि झांकियों सहित महिलाओं की भजन मण्डली का विशेष समावेश रहा।

शोभायात्रा में घोडों पर सवार नन्हे बालक, मातृशक्ति, डीजे पर नाच रहे युवा व भगवे ध्वज फहराकर हुये चल रहे कार्यकर्ताओं ने माहौल को भगवामय करते हुये अति शोभायमान कर दिया। शोभायात्रा में पंजाबी ढोल वालों ने शानदार करतब करते हुये ढोल बजाए। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नासिक ढोल के साथ अखाडे का अति सुन्दर प्रदर्शन करते हुये दण्डबाजी तथा तलवारबाजी की।

शोभायात्रा का जगह-जगह पर व्यापारियों, विभिन्न समाजों, रामभक्तों, सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा, जलपान, शरबत, फल, फलाहार की व्यवस्था कर स्वागत किया। शोभायात्रा में रथ में सवार साधु संतो का आशीर्वाद मिला, वही ट्रेक्टर में विभिन्न विधालय व संगठनों की झांकियों ने हर किसी का मनमोह लिया। शोभायात्रा भारतमाता चौक से प्रारम्भ होकर हरिदेव जोशी सर्किल, पंचायत समिति, भक्त प्रहलाद चौक, बडी पोल, घांचियों की पिलानी, सदर बाजार, माणक चौक, गांधी चौक, सूरजपोल, कालका कॉलोनी, जागनाथ महादेव गली, राजेन्द्र नगर, अस्पताल चौराया से होते हुये पुनः तिलक द्वार स्थित रामदेवजी मंदिर पहुंची। जहां साधु संतो के साथ समिति के सदस्यों द्वारा भगवान श्रीराम की महाआरती कर प्रसादी वितरण के साथ पूर्णाहुति हुई। इस दौरान शोभायात्रा में कार्यकारिणी सदस्यों सहित बडी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

गुड़ामालानी संवाददाता के अनुसार : गुड़ामालानी उपखंड मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पीछे खैल मैदान विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में रामनवमी के पर्व पर गुडामालानी शहर में अदभूत और रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन हुआ। हजारों श्रद्धालुओं ने इस शोभायात्रा में भाग लेकर भगवान राम के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा यात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह फुलों कि बरसात कर स्वागत किया। शोभायात्रा खेल मैदान से अहिंसा सर्किल, मुख्य बाजार, अस्पताल चौराहा राणा प्रताप गढ जीनगर मोहल्ला, राणा जसवंतगढ होते हुए पुनः राउमावि के खेल मैदान पहुंची तथा सभा का आयोजन हुआ। शोभायात्रा में हजारों कि तादाद में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवान श्रीराम के जीवन से जुडे प्रसंगों पर आधारित मनमोहक झांकियां आकर्षित का केंद्र रही। वही विधालय के छात्र छात्राओं ने मंत्रोच्चारण और भजन-कीर्तन का मधुर वातावरण शोभायात्रा को और भी आध्यात्मिक बनाया। शोभायात्रा मे राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड, राणा कुलदीप सिंह राठौड, प्रधान बिजलाराम चौहान, व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन, खंड प्रमुख हीरालाल माली, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष हेमराज खत्री, दुर्गादास वैष्णव, भरत देवासा विभिन्न हिन्दू संगङ्गनों के पदाधिकारी तथा सहित आसपास के गांवों के प्रमुख समाज सेवकों और लोगों ने भाग लिया। पुलिस प्रशासन ने भी शोभायात्रा में बेहतरीन सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की।

भाजपा उम्मेदाबाद मंडल की कार्यकारिणी घोषित

जालोर, (कासं)। भाजपा स्थापना दिवस पर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड जालोर जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के आदेशों की पालना ओर जालोर विधायक जागेश्वर गर्ग के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल उम्मेदाबाद मंडल अध्यक्ष उत्तम चंद गर्ग ने मंडल उम्मेदाबाद की मंडल कार्यसमिति की घोषणा की।

उपाध्यक्ष कल्याण सिंह पडिहार, नैन सिंह राजपुरोहित, सूजाराम मेघवाल, अनुराधा कंवर , भारता राम चौधरी, रतन देवी वैष्णव मंडल महामंत्री रतन सिंह बालावत और अमरा राम माली मंडल मंत्री आशा कुमारी सरगरा, सविता देवी भील, जामतारम देवासी, कसना राम प्रजापति, सूजाराम मीणा, लीला देवी चौधरी, कोषाध्यक्ष पर अमित जैन के नाम की घोषणा की।

वही भाजपा मंडल उम्मेदाबाद में मनाया भाजपा स्थापना दिवसः- जालोर शहर के निकट उम्मेदाबाद में सत्यनारायण मंदिर में 6 अप्रैल 2025 को 46वा स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया गया।

मंडल संयोजक राव गणपत सिंह बगेडिया ने बताया कि कार्यकम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उत्तम चंद गर्ग ने की ओर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक ओर राजस्थान सरकार में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग उपस्थित रहे। जिसमें स्थानीय विधायक जोगेश्वर गर्ग स्थानीय व कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया

कार्यक्रम में पार्टी की स्थापना के बारे में कार्यकर्ताओं से चर्चा की वह पुराने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी इसमें काम करने का आव्हान किया गया।

भाजपा के स्थापना दिवस सप्ताह का आयोजन 60से 12 अप्रैल 2025 तक भाजपा मंडल के प्रत्येक बूथ पर स्थापना दिवस मनाने ओर गांवों में चौपाल करने ओर गांवों में हर गली में भाजपा झंडा यात्रा करने ओर कार सेवकों ओर भाजपा के स्थापना काल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम बताया।

इस अवसर मंडल अध्यक्ष उत्तमचंद गर्ग, नाथू सिंह तीखी किसान मोर्चा ,जिला महामंत्री व मंडल सह संयोजक नेन सिंह राजपुरोहित, जिला परिषद प्रतिनिधि जोगराज राजपुरोहित, कल्याण सिंह ,रघुवीर सिंह, नागेंद्र कुमार यति ,छेल सिंह रावणा राजपूत, मंडल मंत्री अमराराम, राजाराम माली समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

व्यवस्थाओं में कमी रही

धोरीमन्ना, (निसं)। धोरीमन्ना में रविवार का होली चौक मे रामनवमी पर कार्यक्रम आयोजित हुआ।

विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में शोभा यात्रा निकाली गई। विभिन्न मार्गो से होते हुए होली चौक पहुंचते पहुंचते जन सभा में लोग कम नजर आये॥ पूरा पडाल व मैदान खाली-खाली नजर आ रहा था। कुछ माताओ ने पूरे समय बैठकर शोभा यात्रा के आयोजकों का उत्साह वर्धन किया। श्रीराम नवमी राजनैतिक गुटबाजी का शिकार होती नजर आई। पूरे बाजार में भी साफ सफाई का ध्यान नहीं रखा गया।

भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम हुए

जालोर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी बूथों में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम संयोजक सुरेश सोलंकी ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय व मंत्री निवास पर मुख्य सचेतक केबिनेट मंत्री व विधायक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में पार्टी झंडारोहण किया गया।अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि के नाते अभियान जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड जिला सह संयोजक रमेश राणा ओम अग्रवाल भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी उपस्थित थे। मुख्य सचेतक कैबिनेट मंत्री जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि आज हम कार्यकर्ताओं के दम पर ही प्रदेश व देश में मजबूती के साथ प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी ने स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने अपने घरों पर पार्टी झंडा लगाकर ऑनलाइन अपलोड करें। पूर्व नगर अध्यक्ष प्रकाश नागर सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम संयोजक व पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन नगर महामंत्री दिनेश महावर ने किया। जालोर विधानसभा क्षेत्र के संयोजक अमन देवेंद्र मेहता, डिम्पलसिंह, बाबूलाल मेघवाल नगर महामंत्री रतन सुथार सुरेश सुंदेशा महेश भट्ट अचल सिंह परिहार महेंद्र राठौर आदि उपस्थित थे।

पाबूजी महाराज के मेले समाज उत्थान का संकल्प

सुमेरपुर में भील समाज के पाबूजी मंदिर मेले में केबिनेट मंत्री बाबुलाल खराडी का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर /सुमेरपुर , (कासं)। भील समाज के पाबूजी महाराज के मेले में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमडी। मेले में केबिनेट मंत्री बाबुलाल खराडी व मुख्य सचेतक व मंत्री जोगेश्वर गर्ग ने शिरकत कर समाज के विकास के लिए हर सभंव भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पत्र को लोगो के समक्ष मंत्री ने पढ़कर सुनाया।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समस्त भील समाज को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर उन्होंने आशा और विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में समाज के उत्थान और विकास के लिए राजस्थान सरकार हर संभव प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि भील समाज की पहचान वीरता और सेवा के लिए होती है। यह वही समाज है, जिसने महाराणा प्रताप जैसे महान योद्धा की सेवा कर उनके संघर्ष को शक्ति दी। महाराणा प्रताप ने अपनी आन, बान और शान की रक्षा के लिए जिस प्रकार से लडाई लडी, वह आज भी इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है।

पाबूजी महाराज की स्मृति में सुमेरपुर में एक भव्य आयोजन में मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराडी, राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, भाजपा नेता मनोहर राणा, पाबूजी ट्रस्ट के अध्यक्ष राजाराम, डॉ रमेश राणा , रामलाल राणा, टेकराम ,राजेंद्र (पाली जालोर सिरोही) समेत समाज के अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर मौजूद सभी लोगों ने समाज के विकास की धारा को गंगा की तरह पवित्र और निरंतर प्रवाहित करने का संकल्प लिया।

मेले में जालोर, पाली , सिरोही सहित विभिन्न जिलो से समाज के लोगों ने भाग लिया।

भक्तिमय हुआ सायला नगर

सायला, (निसं)। रविवार को सनातन महोत्सव समिति सायला द्वारा रामनवमी महोत्सव पर विशाल भगवा वाहन रैली का आयोजन किया गया।

वाहन रैली को लेकर सवेरे से ही हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ के ओटवाला रोड स्थित बालाजी मंदिर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। रैली को भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। जो अम्बे माता मन्दिर, पुराना बस स्टेण्ड, जैन मन्दिर, पुरानी नर्सरी रोड, कोटवालों का वास, नया बस स्टेण्ड, लहर भारती कुटिया से होती हुई श्रीराम सर्कल पहुंचकर विसर्जित हुई। वाहन रैली में युवा राष्ट्रवादी व हिन्दुवादी गीतों की सुमधुर स्वरलहरियों पर झूमते हुए भगवान श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। पीछे केसरियां ध्वजाओं से सुसज्जित दुपहिया व चोपहिया वाहन थे। सुसज्जित रथ पर भगवान राम की तस्वीर विराजमान थी। रैली को देखने के लिए ग्रामीण आसपास की दुकानों और घरों की छतों पर चढ गए। पुराना बस स्टैंड पर रामभक्तों ने भगवा वाहन रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

विक्रमसिंह दहिया, नैनमल लखारा, सुरेश राजपुरोहित, मांगीलाल राजपुरोहित, प्रकाश मेघवाल, पदमाराम चौधरी, नेहरूभाई सुथार, नैनसिंह चौहान, मुकुंद दवे, अशोक वैष्णव, प्रशान्त रावल, नवनीत दवे, नकुलसिंह, रविंद्रसिंह राणावत, विजय वैष्णव, पुरणप्रकाश, दीपक सुथार दिव्यांशु अग्रवाल, जगदीश राजपुरोहित, लक्ष्मण रावणा, विक्रम राव आदि मौजूद रहे।

चामुंडा माता मंदिर में चैत्र नवरात्र हवन की पूर्णाहूति

जोधपुर, (का.सं.)। मेहरानगढ़ दुर्ग के चामुंडा माता मंदिर में चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन नवमी 6 अप्रैल को प्रातः 11:15 बजे पूर्व महाराजा गज सिंह व पूर्व महारानी हेमलता राज्ये जी ने अष्टमी रात्रि को शुरू हुए हवन में पूर्णाहुति दी व मंदिर में मां चामुंडा के दर्शन व पूजा की एवं उसके बाद परिक्रमा की।

मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के प्रशासक कर्नल अजय सिंह शेखावत ने बताया कि मेहरानगढ़ दुर्ग के चामुंडा माता मंदिर में अष्टमी की रात्रि को हवन प्रारंभ हुआ, इस हवन की पूर्णाहुति रविवार को प्रातः हुई। हवन में पूर्णाहुति व मंदिर में पूजा करने के बाद गज सिंह की तिलक आरती हुई व उसके बाद श्रीथापना जी का उथापना हुआं

हवन की पूर्णाहुति व मंदिर में पूजा का कार्य अश्वनी दवे, ललित त्रिवेदी, अश्विनी त्रिवेदी, सुरेश व्यास, भगवान सिंह राजपुरोहित व जितेंद्र राज जोशी ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ करवायी। इस अवसर पर चैत्र नवरात्र में पाठ करने वाले नौ वेदपाठी ब्राह्मण भी उपस्थित थे। मेहरानगढ़ दुर्ग के चामुंडा माता मंदिर में चैत्र नवरात्र के दौरान मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के प्रशासक कर्नल अजय सिंह शेखावत , महाराजा उम्मेद सिंह रिलिजियस ट्रस्ट के सचिव कल्याण सिंह राठौड़, पुष्पेंद्र सिंह भाटी, मुख्य वित्त प्रबंधक अरुण अग्रेवाल, मुख्य अभियंता शैलेंद्र माथुर, प्रबंधक (संस्कृति) गर्मांशु बोहरा, वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ग्रुप हेड किशन वीर सिंह राठौड़ , मैनेजर एचआर ओम प्रकाश गेपाला , प्रबंधक (मीडिया एण्ड पी आर) कल्पना चंपावत , सुनील कल्ला अभियंता, हिम्मत सिंह शेखावत सहायक प्रबंधक लेखा , डीएसओ शार्दुल सिंह शेखावत, ए एस ओ लक्ष्मण सिंह राठौड़ , ए एस ओ प्रभु सिंह शेखावत उपस्थित थे।

पूर्व महाराजा गज सिंह ने मां चामुंडा के दर्शन किए व पूजा की।

मेहरानगढ़ के चामुंडा माता मंदिर में नवरात्र के दौरान हजारों दर्शनार्थियों ने दर्शन किए। मेहरानगढ़ दुर्ग प्रबंधन व जिला पुलिस प्रशासन के सहयोग से दर्शनों की व्यवस्था अच्छी बनी रही। सभी तरह की व्यवस्थाएं प्रबंधन द्वारा की गई इसके कारण माताजी के दर्शन आराम से किए जा सके।

पाली में विराट शोभायात्रा ने लोगों का मन मोहा

पाली, (नि.सं.)। प्रभु श्री रामचन्द्र भगवान के जन्मोत्सव पर भव्य विराट शोभायात्रा निकाली। पाली शहर के मुख्य मार्गो से निकली करीब 2 किलोमीटर लंबी शोभायात्रा प्रातः 9 बजे शुरआत हुई। शोभायात्रा का प्रथम छोर 1.15 पर पुनः पानी दरवाजा पहुंचा व प्रभु श्री राम का रथ 3.30 रघुनाथ जी मन्दिर पहुंचा।

मर्यादा पुरषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर रविवार को पूरा शहर भगवान श्री राम के जयकारों से गूंज उठा शोभायात्रा से पूर्व पानी दरवाजा स्थिति रगुनाथ जी मंदिर पर महाआरती की गई व प्रभु श्री राम दरबार को सुगन्धित पुष्पो से सजे रथ में विराजमान किया गया।

जिला प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि रथ में विराजमान के पश्चात सन्त सुरजनदास महाराज, हनुमान बगीची जोगाराम दास महाराज, रामनवमी शोभयात्रा अध्यक्ष शन्तिलाल सिंघवी, उपाध्यक्ष सोहन सिंह, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जांगिड़, परमेश्वर जोशी, किशन प्रजापत, कमल किशोर गोयल ने प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना आरती की।

शोभायात्रा में 137 से अधिक समाजों तथा विभिन्न संगठनों की झाकियां रही। झांकियों में भगवान राम का जीवन की जीवनी, सामाजिक समरसता, हिन्दू धर्म, शिक्षा, स्वच्छता, हनुमान, गो माता, राम , शिवाजी, समाज गुरु, धर्म गुरु की झांकियां शोभायात्रा में सम्मिलित हुई।

शोभायात्रा रघुनाथ जी मंदिर से प्रारंभ होकर गोपीनाथजी मंदिर - पल्लीवालों का बास- गगणेश चौक- सराफा बाजार -उदयपुरिया बाजार- गोल निमबड़ा- गुलजार चोक- राणा प्रताप चौक -पुराना बस स्टैंड-पुरानी सब्जी मंडी - रूई कटला -धान मंडी, घी का झंडा, फतेहपुरिया बाजार- होते हुए पुनः रघुनाथ जी मंदिर आकर विसर्जित हुई। इस दौरान रामभक्तों ने ढोल, बेंड, थाली पर जमकर नृत्य किया। कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा व इत्र से स्वागत किया। शोभायात्रा के समापन पर रघुनाथ जी मंदिर में आरती हुई हुई व शोभायात्रा में भाग लेने वाले सभी समाजों व झांकियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

आर्यवीर दल , महिला आर्य समाज, इस्कॉन मंदिर, आचार्य ब्राम्हण समाज, सीरवी महिला विकास समिति, सीरवी नवयुवक सेवा समिति, माली समाज, भगत सिंह व्यायाम शाला, आर्यवीर दल अखाड़ा, महाकाल नवयुवक मंडल, पीपा श्रत्रिय दर्जी समाज, घांची युवा समाज, कुमावत समाज, आशापुरा गुरुकुल, ब्राम्हण स्वर्णकार समाज, जैन युवा संगठन, गुरलेश्वर खटीक समाज, भोमिया राजपूत समाज, चारणीय समाज, नामदेव छिपा समाज, सिखवाल ब्राह्मण समाज, जांगिड़ समाज , श्री विश्वकर्मा जांगिड़ महिला मंडल, भृगुवंशी जोशी समाज, प्रजापत समाज, हिन्दू लखारा समाज, जीनगर समाज, कबीर पंथी वैष्णव समाज, बसेटा समाज, ओड समाज, पाली विकास सेवा संघ, मारू सेन समाज, आदि गौड ब्राह्मण विकास समाज, गुर्जर गौड समाज, नवदुर्गा नवयुवक मंडल, भारतीय सिंधी समाज, यादव समाज, दुर्गा वाहिनी अखाड़ा,, श्री मेढ़ श्रत्रीय स्वर्णकार समाज, रांकावत महिला मंडल, रांकावत युवा संगठन, सिंधी स्वर्णकार समाज, महाराणा प्रताप कमांडो फोर्स, महाराणा प्रताप महिला कमांडो फोर्स , मेघवाल समाज, बजरंग चौक, चादर वाले बालाजी नवयुवक मंडल, चादर वाले बालाजी महिला मंडल, श्री खटीक समाज , गोस्वामी समाज, कान्यकुंज ब्राह्मण समाज, अरोड़ा खत्री महिला मंडल, श्रत्रिय महिला मंडल, दिव्यांग सेवा संस्थान, श्री बनी ठनी बायोसा धाम, कंसारा समाज, देवी पूजक (गुजराती समाज), नागेश्वर महादेव मंदिर , वैष्णव समाज (बालाजी नगर), गाडोलिया लोहार समाज, देवासी समाज , बंजारा समाज, राजवीर बैंड, श्री माहेश्वरी समाज राम दरबार, प्रकाश जांगिड़ घोड़े पर , गुरुगोविंद सिंह का स्वरूप गजेंद्र सोनी, रविंद्र सोनी राजा रानी का स्वरूप मयंक सोनी कृष्ण स्वरूप में झांकी के रूप में हिस्सा लिया।

शांतिलाल मेहता स्कूल, आनंदो बोध शाला, स्काई पब्लिक स्कूल, ज्ञानदीप विद्या मंदिर, ताड़केश्वर रामेश्वर सरस्वती विद्यालय, श्री शांति जैन पाठशाला, श्री गणेश शिक्षण समूह, मून स्टार प्ले स्कूल, श्री गणेश शिशु मंदिर, मां गायत्री विद्या पीठ, संस्कार स्कूल , हंसनिर्वाण सरस्वती विद्यालय, महावीर पब्लिक स्कूल, राइट चॉइस पब्लिक स्कूल, कृष्णा विद्या मंदिर , मरुधर सेकेंडरी स्कूल, रजत संस्कार मिशन, प्रगति शिक्षण , सरस्वती विद्या मंदिर, श्री जगदंबा स्कूल, सर प्रताप बाल निकेतन, लिटल स्केचर स्कूल, विवेकानंद स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, ज्योति विद्या मंदिर , स्कूल, विवेक पब्लिक स्कूल, भारतीय विद्या पीठ, श्री गणेश विद्या मंदिर , भारतीय बाल निकेतन विद्यालय, पब्लिक मॉर्डन स्कूल, मानसिक विमंदित विशेष विद्यालय की भी भागीदारी रही।

मारू सेन समाज, वैष्णव रामावत समाज केरी पानी,, पुष्करणा समाज जल सेवा, अठावाल पंचायत समाज आइसक्रीम, आर्य समाज जल सेवा, कंसारा समाज शरबत, जय अम्बे नवयुवक मंडल पल्लीवालों का बास वेफर नमकीन, फास्ट फॉरवर्ड डांस एकडेमी जल सेवा, मिलन ज्वेलर्स मिल्क शेक, महेश मित्र मंडल निम्बू पानी, खालसा सेवा संस्थान पुष्पवर्षा, झुंझार मित्र मंडल जल सेवा, द्वाराकाधीश सेवा समिति छाछ, श्री मेढ़ क्षत्रिय सर्वणकार समाज आइसक्रीम, गुलाब हलवा पाली मिल्कशेक, श्री क्षित्रय गाछा समाज पुष्पवर्षा, जय श्री राम क्लब पुष्प वर्षा, कुमावत समाज लस्सी, गुलजार चौक मित्र मंडल जल सेवा, राजकीय बांगड़ चिकित्सालय मेडिकल कालेज परिवार सरबत पुष्पवर्षा, सनातनी सेना पुष्पवर्षा, खटीक समाज पुष्पवर्षा, पुराना बस स्टेंड व्यापर मंडल कचौरी नमकीन, जय हिन्द नवयुवक मंडल छाछ, मोहित इलेक्ट्रॉनिक जल सेवा, माली समाज आइसक्रीम, पुरानी सब्जी मंडी व्यपार मंडल आइसक्रीम, समस्त व्यपार संगठन रुई कटला ,बागर मोहल्ला, चुड़िगर बाजार छाछ पुष्पवर्षा, हिन्दू सेना जल सेवा, धानमंडी व्यपार मंडल जल सेवा, गोरी गणेश मंदिर लस्सी, बालचंद मुरलीधर आइसक्रीम, मारवाड़ दी हटी पुष्प वर्षा शरबत, सीताराम जोशी परिवार शरबत से शोभायात्रा का मान सम्मान व स्वागत किया।

शोभायात्रा में स्मृति चिन्ह घीसुलाल, देवकिशन प्रदीप व्यास की तरफ से दिए गए। प्रसाद वितरण माहेश्वरी समाज के द्वारा किया गया। पूरे रास्ते में प्रसाद वितरण लाल भाई बूब के सहयोग से किया गया।

शोभायात्रा के अंत में शोभायात्रा अध्यक्ष शन्तिलाल सिंघवी के द्वारा आयोजित विराट रामनवमी शोभायात्रा में सभी पालिवासी एवं समाज बन्धु सामाजिक संगठनों द्वारा झांकी स्वागत करने वाले पाली वासी, नगर परिषद, पुलिस प्रशासन, सरकारी प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस, पत्रकार बन्धु, सभी का साधुवाद व धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर परमेश्वर जोशी, किशन प्रजापत, शोभायात्रा अध्यक्ष शन्तिलाल सिंघवी, भीमराज चौधरी, अनिल चौहान, नरेंद्र माछर, विजय राज सोनी, आनंद स्वरूप गुप्ता, बाबूलाल कुमावत, रामसुख पायक, प्रवीण उपाध्याय, हरीश पांडे कुशल शर्मा, देवीसिंह राजपुरोहित, कैलाश जीनगर, प्रवीण सोनी, रमेश थावानी, राकेश कुमावत ,प्रवीण परिहार, कैलाश कुमावत, यशवंत पांडे, हरीश सोनी, दीपक सोनी, जय सावलानी, श्रवण भीलवारा, शक्तिदान सोडा महेश वैष्णव गुलाब जांगिड़, दुर्गेश चौहान, राकेश कुमावत, रमेश थावानी, अशोक बंजारा, रवि प्रजापत, बाबूदास वैष्णव, किशोर सेन, गौरव शर्मा, रविन्द्र चौहान सहित कार्यकर्ता सहयोगी बने रहे।

जसोल में शोभायात्रा निकाली

■ जसोल में श्रीराम जन्मोत्सव सेवा समिति ने रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा के निकट जसोल में विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड जसोल के बैनर तले श्रीराम जन्मोत्सव सेवा समिति द्वारा रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

झांकी प्रभारी विक्रम सिंह राठौड ने बताया कि शोभायात्रा को जसोल हाई स्कूल जसोल से प्रधान पंचायत समिति बालोतरा भगवत सिंह जसोल , जसोल प्रशासक ईश्वर सिंह चौहान, द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शोभायात्रा हाई स्कूल जसोल से प्रारंभ होकर बस स्टेण्ड, होली चौक, तालाब रोड, नयापुरा, मनणावास, बडला चौक, देशान्तरियो का वास, आजाद चौक , मैन बाजार, श्रीराम मंदिर, रणछोडराय मंदिर, मालाणी महादेव मंदिर, प्रताप नगर, अमरपुरा, रावणा राजपूतो का वास, धनवीर मार्केट, नाकोडा रोड, तिलवाडा फांटा होते हुए पुनः हाई स्कूल जसोल में विर्सजित हुई शोभायात्रा में , श्री राम दरबार, श्री कृष्ण दरबार, मां कालका जैसी झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का पूरे जसोल में पुष्पवर्षा द्वारा स्वागत किया गया।

शोभायात्रा के दौरान विभिन्न समाज व संगठनों द्वारा खाद्य व पेय प्रदार्थो की व्यवस्था की गई। वही झांकियों में बजरंग दल के युवाओ द्वारा शक्ति प्रदर्शन की अपनी प्रस्तुति दी। कार्य म का समापन हाई स्कूल जसोल में किया गया जहां झांकियों को पुरस्कार दिए गए जिसमे महाशिव शक्ति ग्रूप प्रथम, व मालाणी गौ सेवा एवं जन कल्याण समिति द्वितीय, व माली कृष्णा गरबा मंडल की झांकी तृतीय स्थान पर रही वहीं बाकी सभी झांकियों को जसोल सरपंच व प्रशासक ईश्वर सिंह चौहान द्वारा 1100 रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

समापन समारोह में श्री राम जन्मोत्सव सेवा समिति अध्यक्ष मनोज मेवाड़ा, देवेंद्र माली, उपाध्यक्ष मोतीलाल सेवग, विश्व हिन्दू परिषद जसोल अध्यक्ष चैनसुख राठी, संरक्षक सांवतराज सोनी, राजेन्द्र सैन, मालाणी गौ सेवा समिति अध्यक्ष सुनील खंडेलवाल, उमेश सोनी ,दीपक माली, कन्हैयालाल सुथार, पारसमल माली, पवन वैष्णव, मोतीलाल सियोटा, रावणा अपसा जसोल, खेताराम सैन, देवीलाल भोबरिया, गौतम सोलंकी, ओम वैष्णव, रेखाराम प्रजापत, नरेश माली, गौरव सैन, ढलाराम पालीवाल, ओमप्रकाश मेघवाल सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन जालम सिंह राठौड़ वरिया ने किया।

दो मकान में लगी आग पर दमकल ने पाया काबू

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के निकट रविवार दोपहर करीब 3 बजे डेंडा गांव में दो मकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई।

आग को देखते हुए लोगों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने को कोशिश की गई लेकिन आग ने विकराल रूप ले लिया। उक्त घटना की जानकारी मिलने पर पाली से दमकल की गाड़ी मौके पहुंची और बड़ी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया।

अग्निशमन के अधिकारी रामलाल गहलोत ने बताया कि दोपहर के समय सूचना मिली कि डेंडा गांव में दो मकान में आग लग गई।

इसके बाद एक गाड़ी मौके पहुंची करीब 2 घंटे की बड़ी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

उन्होंने बताया कि घर में रखे सूखे चारे और लड़कियों में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, देखते ही देखते आग में विकराल रूप ले लिया। इसके बाद एक गाड़ी ने दो फेरे करते हुए आग पर काबू पाया। आग के चलते एक मोटरसाइकिल भी जल गई और मकानों में भी दरारें आ गई। फायरमैन पारस गहलोत, रेखा फायरमैन, सत्यनारायण पारिख ने आग पर बड़ी मस्कत के बाद काबू पाया।